हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 15. 0 डिग्री

श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु
4



## खबर संक्षेप

### श्री श्याम अखाड़ा में श्याम भजनों की प्रस्तुति आज



**चांपा।** स्थानीय सदर बाजार स्थित सिंघानिया परिवार द्वारा मोदी चौक स्थित कुश वाटिका में शुक्रवार 5 दिसंबर को शाम 6.15 बजे से आयोजित श्री श्याम अखाड़ा में कोलकाता सहित अनेक जगहों से आये श्याम भजन गायक अपनी प्रस्तुति से बाबा श्याम दरबार सजाते हुए श्याम भक्तों को भाव विभोर करेंगे। श्याम अखाड़ा में भजन गायक संजय मित्तल, अमोल शुभम, पंकज अग्रवाल, संजय सोनी, श्रीकृष्ण-नेहा, ऋतुराज अग्रवाल और समता अग्रवाल अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से समां बांधेंगे। कार्यक्रम में श्री श्याम प्रभु का भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, श्याम रसोई एवं इत्र वर्षा की विशेष व्यवस्था की गयी है।

### जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 7 को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा 7 दिसम्बर को आयोजित की जाने वाली जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा में जिले के 31 परीक्षा केन्द्रों में 9436 अभ्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पांइट पेन लेकर ही आयें।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव 11-12 को, पंजीयन 10 तक

**जांजगीर-चांपा।** जिला प्रशासन जांजगीर-चांपा तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025-26 का आयोजन 11 एवं 12 दिसंबर को जिला मुख्यालय जांजगीर के ऑडिटोरियम में प्रातः 8 बजे से किया जाएगा। उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष तथा संगतकार की आयु 18 से 40 वर्ष निर्धारित है। युवा उत्सव के अंतर्गत लोकनृत्य 10, पंथीनृत्य 10, सुआनृत्य 10, लोकगीत 10, कहानी लेखन 1, वाद-विवाद 2, नवाचार 2, राउत नाचा 10, करमानृत्य 10, पारंपारिक वेशभूषा 2, एकांकी नाटक 12, रॉक बैण्ड 10, चित्रकला 1 तथा कविता लेखन 1 प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। जिसकी अंतिम तिथि 10 दिसंबर निर्धारित की गई है।

### वन अधिकार पत्र धारकों के फौती नामांतरण 14 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार वन अधिकार पत्र (पट्टा) धारक कृषकों को भी प्राथमिकता से एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत कर धान खरीदी योजना का लाभ दिया जाना है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया वर्तमान में जांजगीर-चांपा जिले अंतर्गत 211 हितग्राहियों को फौतीनामांतण हेतु चिन्हांकित किया गया है जिनका फौती नामांतरण नहीं होने के कारण एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन होने में समस्या आ रही है। उक्त 211 हितग्राहियों की सूची संबंधित ग्राम पंचायत में चस्पा कर दिया गया है। सूची अनुसार हितग्राही, परिवारजन,विधिक वारिसान अपने संबंधित तहसील कार्यालय अकलतरा, बलौदा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी बलौदा में 14 दिसंबर तक फौती नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर फौती नामांतरण करा सकते हैं।


## हर साल चलाया जाता है अभियान फिर भी जागरूकता का अभाव

# जिले में लगातार बढ़ रहे कैंसर के मरीज, सामने आ चुके 348 मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में जानलेवा कैंसर के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। पिछले कुछ सालों के भीतर ही कैंसर के 348 मरीज सामने आ चुके है। खास बात यह है कि हर साल इसे लेकर अभियान भी चलाया जाता है। इसके बावजूद यह गंभीर बीमारी कम होने का नाम नहीं ले रही है।

गौरतलब है कि कैंसर एक तरह की गंभीर बीमारी है। लोगों के जीवन शैली में बदलाव एवं खान-पान पर नियंत्रण नहीं रहने के साथ ज्यादातर तंबाकू गुटका एवं अन्य कामों के चलते कैंसर जैसे गंभीर रोग होते हैं। इस रोग से बचाव को लेकर कई तरह का अभियान हर साल चलाया जाता है। बावजूद इसके मामलों में कमी नहीं आ पा रही है। जानकारी के अनुसार जांजगीर-चांपा जिले में कैंसर के 348 मामले अब तक सामने आ चुके हैं। इनमें ब्रेस्ट कैंसर के 84, ओरल कैंसर के 70 सर्वाइकल कैंसर के 45 एवं अन्य तरह के 150 कैंसर के मामले है। जांजगीर जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में कैंसर बढ़ने के मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कैंसर से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम भी किया जा रहा है। वहीं लोगों को अपने खान-पान पर नियंत्रण के साथ-साथ नशा से दूर रहने सलाह दी जाती है। तंबाकू के सेवन से भी कैंसर जैसे गंभीर रोग उत्पन्न होता है। आज के भाग दौड़ भरे जीवन में लोगों के पास समय की कमी हो रही है साथ ही खान-पान का समय भी निश्चित नहीं है इसके अलावा लोग वैवाहिक कार्यक्रम सहित अन्य जगह पर पहुंचकर ज्यादा तेल एवं मसाला युक्त सब्जियों का प्रयोग भोजन के रूप में किया जाता है जो एक कैंसर होने का लक्षण भी है। जांजगीर-चांपा नवागढ़ अकलतरा बलौदा सहित अन्य जगहों पर भी कैंसर से प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़ते क्रम में है इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है इसके बावजूद भी मामलों में कमी नहीं आ रही है।



### कैंसर होने के लक्षण

तंबाकू एवं गुटखा के अधिक सेवन करने से लंबे समय तक प्रदूषण में रहने के चलते अधिक मोटापा होने के कारण ज्यादा मसाला युक्त भोजन करना एवं खान-पान पर कोई नियंत्रण नहीं कैंसर जैसे गंभीर रोग को निमंत्रण देता है। वहीं शासन के द्वारा कैंसर से उपचार को लेकर व्यवस्था भी बनाई गई है। जिले में जिला अस्पताल जांजगीर में कैंसर के उपचार और इससे बचाव के लिए परामर्श की व्यवस्था है, लेकिन गंभीर केस में मरीजों को रायपुर, बिलासपुर व अन्य महानगरों में जाकर उपचार कराना पड़ता है। जिला चिकित्सालय जांजगीर में कीमो थैरेपी की व्यवस्था भी हो चुकी है।

### कोटपा अधिनियम के तहत कार्यवाही का प्रावधान

पिछले कुछ सालों से ओरल कैंसर के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे है। जिले में भी ओरल कैंसर 70 केस सामने आ चुके है। ज्यादातर ओरल कैंसर गुटखा, पान मसाला, सिगरेट बीड़ी व तंबाकूयुक्त पदार्थ के सेवन से होने की बात सामने आ रही है। गांव गांव में आसानी से यह सामान उपलब्ध हो रहे है। तंबाकू एवं गुटका के साथ अगर अवैध तरीके से पान मसाले की बिक्री की जाती है तो इस स्थिति में तंबाकू प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही का प्रावधान है। हल्के ही कुछ दिनों पूर्व खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग संयुक्त टीम द्वारा पामगढ़ नवागढ़ अकलतरा बलौदा सहित अन्य क्षेत्रों के पान दुकान पान मसाला दुकान एवं अन्य दुकानों में छापा मार कार्यवाही कर सामानों की जब्ती बनाई गई थी।

### बढ़ रहे मामले

कैंसर एक गंभीर बीमारी है। इसके मामले पहले की अपेक्षा बढ़ रहे हैं। इससे बचाव को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों को ज्यादा मसाला युक्त भोजन करने से भी परहेज करना चाहिए।

**-एस एस कुजूर,**
सिविल सर्जन
जिला अस्पताल जांजगीर चांपा

# धान के अवैध भंडारण पर कार्रवाई 116 क्विंटल की बनाई जब्ती

## राजस्व मंडी एवं खाद्य विभाग लगातार दे रहा दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई करते हुए अफसर

धान के अवैध भंडारण पर कार्रवाई करते हुए 116 क्विंटल अवैध धान की जब्ती बनाई गई है। राजस्व मंडी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। लगातार हो रही कार्रवाई के चलते बिचौलियों में हडकंप मचा हुआ है।

धान खरीदी में तेजी आने के साथ ही बिचौलिए उपार्जन केन्द्रों में अपना धान खपाते है। इस पर रोक लगाने जिला प्रशासन ने जिला स्तरीय टीम बनाई है। टीम द्वारा लगातार जांच व कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गुरूवार 4 दिसंबर को तहसील बलौदा क्षेत्र में संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई की गई। राजस्व, मंडी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने तीन स्थानों से कुल 116 क्विंटल अवैध धान जप्त किया। ग्राम नवापारा (ख) स्थित बद्री किराना दुकान से 40 क्विंटल, अजय किराना स्टोर, खिसोरा से 42 क्विंटल,सुनील किराना स्टोर, खिसोरा से 24 क्विंटल टीम द्वारा मौके पर आवश्यक पंचनामा तैयार कर धान को कब्जे में लिया गया है। समस्त दुकानदारों के विरुद्ध मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इससे पहले बुधवार को भी टीम ने 6 स्थानों से 3 सौ क्विंटल अवैध धान जब्त किया था। वहीं दो दिन पहले 835 क्विंटल धान और धान का परिवहन करते दो वाहनों को जब्त कर कार्रवाई की गई थी। लगातार हो रही कार्रवाई से बिचौलियों में हडकंप मचा है।

### धान उपार्जन केंद्रों में निगरानी करने अधिकारी कर रहे निरीक्षण



मालखरौदा। जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं का कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में विभिन्न अधिकारियों द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी किसानों से सुव्यवस्थित रूप से धान खरीदी किए जाने के लिए विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर पेयजल व्यवस्था, बायोमेट्रिक मशीन की उपलब्धता, विद्युत व्यवस्था, धान की मानक स्टैकिंग व्यवस्था, नया व पुराना जूट बारदाना, तिरपाल सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जांच कर कलेक्टर कार्यालय में आवश्यक जानकारियां दे रहे हैं। मालखरौदा के सीईओ संदीप कश्यप ने धान खरीदी केंद्र पिहरिद का निरीक्षण किया। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले में किसी भी किसान को धान विक्रय के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी धान खरीदी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यस्थित रखे जाए। केंद्रों की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं तथा संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

# तरौद-किरारी मार्ग पर धूल का गुबार, राहगीरों का चलना दूभर



तरौद किरारी की बदहाल सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

■ हादसों का खतरा और बढ़ते प्रदूषण से परेशानी, अविलंब डामरीकरण की मांग

तरौद किरारी मार्ग पर लोगों का आवागमन करना दूभर हो गया है। सड़क पर दिन भर धुल का गुबार छाया रहता है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। वहीं प्रदूषण से क्षेत्रवासी हलाकान है।

तरौद से किरारी जाने वाली सड़क पूर्ण रूप से जर्जर हो चुकी है। सड़क से डामर एवं गिट्टी गायब हो चुके हैं। ऐसे जिर्ण शिर्ण मार्ग पर आवागमन कर रहे क्षेत्र वासियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क पर आवागमन करने से राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं वहीं सड़क पर बेतहाशा उड़ने वाली धूल से लोग आंख , त्वचा एवं फेफड़ा से संबंधित सहित अन्य बीमारीयों से ग्रसित हो रहे हैं। क्षेत्र वासियों की परेशानियों को देखते हुए शिवसेना जिला अध्यक्ष दिलेश्वर विश्वकर्मा के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर तरौद किरारी मार्ग को अविलंब डामरीकरण करने की मांग की है। दिलेश्वर विश्वकर्मा के बताया की इसी रोड से बच्चे स्कूल ,कालेज जाते हैं। तरौद से लेकर किरारी तक रोड नही बनने के कारण व क्रशरों के भारी वाहन इस रोड पर तेज गति में चलाते है। जिसके कारण सैकड़ो ग्रामीण दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। इस मार्ग पर क्रेशर खदानों से ओवरलोड गिट्टी का परिवहन किया जाता है। जिसके कारण यह मार्ग इतना जर्जर हुआ है। क्षेत्र के लोग जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से आवागमन करते हैं। ग्राम पंचायत किरारी एवं ग्राम पंचायत तरौद को गौड़ खनिज मद से करोड़ों रुपए प्राप्त होने के बाद भी यह मार्ग बदहाल स्थिति में है। एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर तरौद किरारी मार्ग को अविलंब डामरीकरण करने एवं जब तक डामरीकरण नहीं होता है तब तक मार्ग पर सुबह-दोपहर और शाम को पानी छिड़काव किये जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में हुलेश कुमार चंद्रा, दीपक यादव युवा सेना, किशन यादव, शगुन यादव, कविता धीवर, संतोष सारथी, प्रदीप टांडेकर,अक्षय कुमार ओगरे, प्रदीप कश्यप, अरमान शर्मा, सीता देवी, दीपा मरावी, रिया कंवर एवं अन्य शिवसेना के पदाधिकारी शामिल रहे।

# अफसरों ने दी दबिश, उम्र कम मिलने पर रूकवाई शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



परिजनों को समझाईश देने पहुंचे अफसरों की टीम।

बाल विवाह की सूचना पर अफसरों की टीम ने बारगांव में दबिश देकर नाबालिग बालिका का विवाह रूकवाया गया। साथ ही निर्धारित उम्र में विवाह करने की सलाह दी।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में बाल विवाह की सूचना पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती अनिता अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व में टीम ने ग्राम बारगांव (पामगढ़) पहुंचकर संभावित बाल विवाह की जांच की। जांच के दौरान बालिका की अंकसूची का परीक्षण किया गया, जिसमें उसकी आयु 17 वर्ष 6 माह 24 दिन पाई गई जो विवाह की निर्धारित आयु सीमा से कम थी। इस पर विभागीय दल ने बालिका, माता-पिता एवं स्थानीय ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा कानूनी प्रावधानों से अवगत कराते हुए समझाइश दी। समझाइश के बाद स्थानीय लोगों की उपस्थिति में बालिका के माता-पिता की सहमति से विवाह को रोक दिया गया तथा बाल विवाह न करने संबंधी घोषणा पत्र एवं राजीनामा पत्र पर हस्ताक्षर किए। माता-पिता, रिश्तेदार, विवाह में सहयोग करने वाले व्यक्ति एवं विवाह संपन्न कराने वाले पूजारी के विरुद्ध केस दर्ज किया जा सकता है। दंड स्वरूप 2 वर्ष का सश्रम कारावास से दंडित किया जा सकता है।

### मारपीट करने के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार



**नवागढ़।** पुरानी रंजिश को लकर एक राय होकरघर अंदर घुसकर मारपीट करने के मामले में 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में नवागढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर को शाम करीब 6 बजे आरोपी आरोपियों द्वारा एक राय होकर पुरानी रंजिश को लेकर अश्लील गाली करते हुए घर अंदर घुसकर गैती का बेट, डंडा से मारपीट किया था। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना नवागढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# ट्रेड लाइसेंस के बिना नहीं कर पाएंगे नपं क्षेत्र में व्यापार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

नगर पंचायत क्षेत्र में छत्तीसगढ़ व्यापार अनुज्ञप्ति नियम, 2025 पूर्ण रूप से लागू हो चुका है। नियमों के अनुसार, नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत किसी भी प्रकार का व्यापार, सेवा, गतिविधि या वाणिज्यिक संचालन बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के संचालित नहीं किया जा सकेगा।

नगर पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार उक्त नियम सभी दुकानदारों, गुमटी एवं ठेला संचालकों, भोजनालय व होटल से व्यापार करने वाले व्यापारी तथा समस्त अन्य व्यापारिक संस्थाओं, मैरिज हॉल, मरम्मत केंद्र, क्लिनिक, गोदाम आदि को निर्देशित किया जाता है कि वे अनिवार्य रूप से नगर पंचायत से अपनी व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त करें। अनुज्ञप्ति के लिए आवश्यक दस्तावेजों, शुल्क तथा प्रक्रिया संबंधी विस्तृत जानकारी नगर पंचायत कार्यालय में उपलब्ध है। सभी व्यवसायियों से अपील है कि वे निर्धारित समय सीमा में आवेदन प्रस्तुत कर अनुज्ञप्ति प्राप्त कर लें, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कार्यवाही, दण्डात्मक प्रक्रिया या व्यावसायिक बाधाओं से बचा जा सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत बम्हनीडीह ने कहा कि नगर के सुव्यवस्थित विकास, स्वच्छता, कर व्यवस्था एवं पारदर्शी प्रशासन के लिए व्यापार अनुज्ञप्ति अत्यंत अनिवार्य है।

## केवीके परिसर में 2 हजार पौधों का किया गया रोपण

# 50 डिसमिल जमीन पर अनानास की खेती का होगा अनुसंधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह



अनानास पौधे का रोपण करते अधिकारी एवं अन्य।

जिले में अब अनानास की खेती भी की जाएगी। इसके लिए आने वाले समय में किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। केवीके परिसर में 50 डिसमिल में अनानास की खेती का अनुसंधान होगा। इसके लिए रानी किस्म के 2 हजार अनानास पौधे का रोपण भी केवीके में किया गया है।

जिले में फसल चक्र परिर्वतन के उद्देश्य से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल एवं निदेशक विस्तार डॉ एस एस टुटेजा के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र मे वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ के डी महंत के तकनीकी मार्गदर्शन एवं विशेष प्रयास पर उत्कृष्ट गेंदा की सफल खेती पश्चात जिले में पहली बार आम पेड़ के बीच में अन्तरवर्तीय खेती को बढ़ावा देते हुए 50 डिसमिल में वृहद स्तर पर अनन्नास ( पाइन एप्पल) किस्म रानी की खेती की शुरुआत की जा रही है । डॉ महंत ने अन्ननाश की तकनीकी जानकारी बताते हुए कहा कि यह फल जिले में गर्म एवं आर्द्र गर्म जलवायु के हिसाब से अच्छी होगी , इसके लिए 20 से 35 डिग्री सेल्सियस तापमान सही रहता है। इसकी खेती के लिए दोमट और बलुई दोमट मिट्टी सर्वोत्तम रहता है। पानी की ठहराव की स्थिति नहीं होनी चाहिए , अच्छे से जल निकास की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए लंबी धूप भी हल्की छाया बहुत जरूरी होता है। इसको मेड या बेड बनाकर खेती करना लाभकारी होता है । सिंचाई के लिए टपक विधि अच्छी मानी जाती है । डॉ महंत ने बताया कि मलचिंग करने से नमी बनी रहती है साथ ही खरपतवार कम उगते हैं। फल आदि की सम्मान साइज के हार्मोन आदि का प्रयोग कर सकते है। प्रमुख रोगों में रूट रॉट और हार्ट रॉट आते है इसके लिए जलभराव न हो एवं समय समय पर कॉपर या मेनकॉजेब का छिड़काव कर सकते है । फूल आने के बाद 5 से 6 महीने में फल तैयार हो जाते है। फल जब हल्का पीला होना हो जाए तो कटाई करना चाहिए। औसत उत्पादन 100 से 140 क्विंटल तक आ सकते है। यह फसल जिले के किसानों के लिए आमदनी का जरिया साबित होगा।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### तरुण प्रदेश महासचिव और नोहर बने महामंत्री

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र कुमार राठौर के नेतृत्व में प्रदेश प्रदेश स्तरीय कार्यों में सक्रियता बनाने प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया। इसमें जिले के तरुण प्रकाश वैष्णव को प्रदेश महासचिव और नोहर चन्द्रा को प्रदेश महामंत्री बनाया है। प्रदेश अध्यक्ष राठौर ने बताया कि पूर्व में भी वैष्णव और चन्द्रा फेडरेशन में सक्रिय पदाधिकारी के रूप में कार्य किए हैं। जिले के साथ-साथ प्रदेश स्तर पर भी इनकी सक्रियता बनी रहती है।

### व्यवसायिक शिक्षा के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**भैसमा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेन्द्रीपाली में अध्ययनरत छात्रों को समग्र शिक्षा के तहत संचालित व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि एवं हेल्थ केयर विषय के छात्रों को सम्बंधित फार्म में विद्यार्थियों जानकारी व साथ ही नवाचार को देखने के लिए कृषि छात्रों को गबेल कृषि फार्म रामपुर, हेल्थ केयर विषय छात्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, करतला यहाँ के प्रबंधक भुनेश्वर गबेल, आरएमओ रश्मि सिंह के र्ग दर्शन में आधुनिक कृषि, सूक्ष्म सिंचाई, नर्सरी तैयार करने, आपरेशन थिएटर, ओपीडी, पैथोलॉजी लैब, बच्चों को जानकारी दी गई। इस दौरान संस्था के प्राचार्य जे. आर. अजगल्ले, वरिष्ठ व्याख्याता वीरेंद्र राठिया, व्यवसायिक शिक्षक छत्रपाल साहू रितु साहू साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### थोक व्यापारी से 107 क्विंटल अवैध धान जब्त

**कोरबा।** जिले के ब्लॉक व तहसील पाली में अवैध धान पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार टीम ने 3 दिसंबर को पाली अनुविभाग के ग्राम परसदा में थोक व्यापारी अजय किराना के संचालक द्वारिका जायसवाल के यहां दबिश दी। द्वारिका जायसवाल के द्वारा अवैध रूप से भंडारित धान 241 बोरी लगभग 107 क्विंटल को जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी पाली रोहित सिंह, तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी, नायब तहसीलदार सुजीत पाटले एवं मंडी निरीक्षक दिनेश, फूड इंस्पेक्टर, हल्का पटवारी उपस्थित रहे।

### युवक के हत्यारों के गिरेबांह तक पहुंचने पुलिस जुटी छानबीन में

**कोरबा।** तीन दिन पूर्व एक 40 वर्षीय युवक की चारों हाथ पैर के उंगलियां व गुप्तांग कटी हुई अवस्था में लाश मिली थी। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है लेकिन तीन दिन बाद भी अब तक मृत युवक की पहचान नहीं हो पायी है जिससे पुलिस की मुश्किले बढ़ गई है। हालांकि पुलिस हत्यारों के गिरेबांह तक पहुंचने का प्रयास में जुटी हुई है। उल्लेखनीय है कि करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ग्राम पंचायत औराई में 30 नवंबर को गांव के खेत में अज्ञात व्यक्ति की अधजलली लाश मिली थी जहां हत्यारों ने युवक के दोनों हाथ और पैर के उंगलियों को काटने के अलावा उसके गुप्तांग को काट दिया है और जंगल में उसके लाश को ले जाकर ठिकाना लगाया गया था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात हत्यारों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी अब तक युवक की पहचान नहीं हो सकी है।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन आज

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 5 दिसंबर को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से 3 नियोजकों -श्रमीन टेंलेंट प्राइवेट लिमिटेड रायपुर, औप्टीवल हेल्थ सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड और टाटा एआईए लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड कोरबा के द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। फिल्ड टेक्निशियन, फर्माशीस्ट, फिल्ड ऑफिसर, एच आर एक्जीक्यूटिव्ह, बिजनेस एसोसिएट, मैनेजर, लीडर मैनेजर, डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजर, इंश्योरेंस एडवाईजर के रिक्त पदों के लिए, आईटीआई ऑल टेक्निशियन ट्रेड, स्नातक, फार्मा, एमबीए, कार्यस्थल कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, वेतनमान रूपये 15 हजार से 30 हजार तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है।

# एसआईआर ने युवा, अधेड़, बुजुर्ग सबको खड़ा किया लाइन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

मतदाता सूची की नई सिरे से पुनरीक्षण के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर ने युवा, अधेड़, बुजुर्ग सबको लाइन में खड़ा कर दिया है। गणना पत्रक भरने की अवधि बढ़ाए जाने के बाद भी अभी भी कई मतदाता वोटर आईडी लेकर घूमते फिर रहे हैं। उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं होने के कारण गणना पत्रक नहीं मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर 94 प्रतिशत गणना पत्रक के एंट्री होने की जानकारी विभाग दे रहा है।

बीते एक माह से जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में एक साथ शुरु हुए निर्वाचन आयोग के एसआईआर कार्यक्रम में गणना पत्रक के लिए ऐसे मतदाताताओं का निर्वाचन कार्यालय आना थम नहीं रहा है जिनका वोटर आईडी तो बना है किंतु नई मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है। ऐसे मतदाता वोटर आईडी लेकर निर्वाचन कार्यालय में अपना और अपने परिजनों का नाम सर्च करवा रहे हैं। बालको क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 42 कैलाश नगर के पुराने बाशिंदों का नाम 2025 तथा 2003 के मतदाता सूची में भी नहीं है। ऐसे क्षेत्रों के मतदाता निर्वाचन कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

### कई मतदाता अभी भी ढूंढ रहे वोटर आईडी लेकर

**खास बातें**

- मतदाता सूची में नाम नहीं होने के सामने आए हैं मामले
- शहरी क्षेत्र में ज्यादा आ रही समस्या



**जोड़ा जाएगा नाम**

एसआईआर के तहत गणना पत्रक भरने का काम 94 प्रतिशत पूरा हो चुका है। मतदाताओं के नाम जिनके छूट गए हैं उनके जोड़ने का काम 16 दिसंबर से किया जाएगा।

-माधुरी सोम ठाकुर
उप जिला निर्वाचन अधिकारी

### शहरी क्षेत्र में शिकायतें ज्यादा

मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं होने के ज्यादातर मामले शहरी क्षेत्र में सामने आ रहे हैं। इसके विपरीत ग्रामीण अंचलों में ऐसे मामले बहुत कम सामने आए हैं। भैसमा क्षेत्र के सलिहाभांठा निवासी जायसवाल परिवार के दो सदस्य निर्वाचन कार्यालय पहुंचे जिनके नाम वर्ष 2003 के मतदाता सूची में दर्ज नहीं है उन्हें नाम जोड़ने के लिए जन्म प्रमाण पत्र बनाने को कहा गया है। बुजुर्ग जायसवाल दंपत्ति अब अपना नाम जुड़वाने के लिए पंचायत से जन्म प्रमाण पत्र बनवाएंगे।

### 16 दिसंबर से नाम जोड़ने की होगी प्रक्रिया

जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से छूट गए हैं ऐसे मतदाताओं के नाम 16 दिसंबर के बाद आयोग द्वारा निर्धारित किए गए दस्तावेजों को दिखाने के बाद जोड़ने का कार्य किया जाएगा। ऐसे मतदाता जिनके नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं 16 दिसंबर के बाद अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

## लावारिश हालत में रेल पाथ से भरी पिकअप वाहन को किया जब्त

# कबाड़ चोर रेल पाथ को काटकर खपाने के थे फिराक में पुलिस ने दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कबाड़ का धंधा जमकर फल फूल रहा है। कबाड़ चोर पुलिस की आंखों में धूल झोंकर रात के अंधेरे में कबाड़ की जमकर चोरी कर रहे हैं। नया मामला दर्री थाना क्षेत्र में सामने आया है। जहां कबाड़ चोरों ने रेल पाथ को फिर से काटकर गाड़ी में लोडकर चुके थे। जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो कबाड़ चोर फरार हो चुके थे लेकिन पुलिस ने मौके से पिकअप वाहन में लोड 5 रेल पाथ जप्त कर लिया है और मामले की जांच शुरु कर दी गई है।

**खास बात**

- दर्री थाना क्षेत्र का मामला, कबाड़ चोर हुए फरार



जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई कॉलोनी में रोड के किनारे एक बिना नंबर प्लेट के पिकअप वाहन में कबाड़ भरे जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर दबिश दी। कबाड़ चोर पुलिस को मौके पर देखा तो वहां से फरार हो गये। पुलिस ने मौके से कबाड़ से भरे लाखों रुपए कीमती वाहन को लावारिस हालत में जप्त कर लिया है। बताया जाता है कि पुलिस ने उक्त वाहन को धारा 102 के तहत जप्त कर लिया है। उक्त वाहन में कबाड़ चोरों ने लाखों रुपए कीमती के रेल पाथ को काटकर रखे थे, साथ ही रेल पाथ को काटने के लिए बकायदा गैस सिलेंडर भी था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि आखिर इस कबाड़ चोरी में किस गिरोह का हाथ है। रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ओमपुर मकान नंबर एम/461 निवासी महेत्तर सिंह उम्र 53 साल पिता जुगुल सिंह कंवर ने रिर्पोट दर्ज कराया कि 30 नवंबर की रात्रि 4 बजे सुरक्षा कर्मी अतुल कुमार फोन कर बताया कि मेन गेट स्टोर में केबल चोरी हो गया है।

### बांकीमोंगरा में मामला आया था सामने

जिले में भले ही कबाड़ का धंधा बंद होने की बात कही जाती है लेकिन मैदानी स्तर पर नजर नहीं आता है। कबाड़ी खुलेआम कबाड़ के धंधे को अंजाम दे रहे हैं और लगातार चोरी कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले ही बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में कुछ इसी तरह का मामला सामने आया था। जहां कबाड़ चोरों ने गैस सिलेंडर के माध्यम से रेल पाथ को काटकर रेल पाथ की चोरी कर रहे थे जहां पुलिस ने लावारिस हालत में वाहन को जप्त कर लिया है। अब तक इस मामले में पुलिस चोरों के गिरेबान तक नहीं पहुंच पाई है। हालांकि बांकीमोंगरा पुलिस ने कबाड़ चोरों के धरपकड़ व अपराध दर्ज करने के लिए एनटीपीसी और सीएसईबी प्रबंधन को पत्र लिखा गया है लेकिन अब तक दोनों विभाग के अधिकारी कर्मचारी जब्त सामानों की पहचान करने नहीं पहुंच रहे हैं।

## कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई राष्ट्रपति डॉ.राजेन्द्र प्रसाद की 142वीं जयंती



जयंती कार्यक्रम मनाते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेन्द्र प्रसाद अपनी विशिष्ट क्षमता का प्रदर्शन करते हुए देश को नई उंचाईयों पर पहुंचाने का कार्य किया और अपने सार्थक योगदान के माध्यम से देशवासियों के हृदय में सदियों तक जीवंत बने रहेंगे। उक्त कथन पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के 142वीं जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किया। श्री अग्रवाल ने डॉ.राजेन्द्र प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए आगे कहा कि डॉ.प्रसाद ने कुशल राजनेता, प्रशासक, दूरदृष्टा के साथ काम किया और भारत को नयी पहचान दी। वे भारतीय संस्कृति में पूर्णतः रचे बसे एवं सादगी में विश्वास करने वाले श्रेष्ठ व्यक्ति थे।

प्रदेश कांग्रेस सचिव बी एन सिंह ने डॉ.राजेन्द्र प्रसाद के व्यक्तित्व पर रोशनी डालते हुए कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जिस तरह गुरूत्तर दायित्व निभाया वह हर युग के लिए प्रेरणादायी होगा। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने कहा कि डॉ.प्रसाद भारतीय जीवन पद्धति और सच्चे भारतीय के प्रतीक थे। हमारे देश के स्वतंत्रता के इतिहास में उनकी सेवाएं आज भी यादगार है।

## झुंड से बिछड़ा दंतैल हाथी पहुंचा पड़ोसी जिला

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा में हाथियों का उत्पात लगातार बना हुआ है। यहां के करतला वन परिक्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथी अलग-अलग स्थानों पर घूम रहे हैं। इनमें से एक दंतैल हाथी झुंड से अलग होकर कनकी के रास्ते कोरबा रेंज के कटबितला गांव में पहुंच गया था, जहां सुबह अपने खेत को देखने गए मुन्ना राजवाड़े नामक व्यक्ति का उससे सामना हो गया। जिस पर हाथी ने हमला कर दिया। हाथी के हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीण पर हमला करने के बाद दंतैल हाथी दिन भर क्षेत्र में भ्रमण करता रहा, जिससे ग्रामीण दहशत में रहे लेकिन शाम होते ही उसने आगे बढना शुरू किया



और पंतोरा क्षेत्र में पहुंचने के बाद जंगल में जाकर डेरा डाल दिया। दंतैल हाथी के पंतोरा क्षेत्र में पहुंचने की सूचना संबंधित वन अमले को दे दी गई है जिस पर वह दंतैल की निगरानी में जुट गया है। दूसरी ओर करतला रेंज के बुढियापाली, सेंद्रीपाली तथा करतला जंगल में मौजूद हाथियों का लोकेशन ड्रोन कैमरे के जरिए पता लगाने के साथ उसकी निगरानी भी तेज कर दी गई है।

## दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम

**कोरबा।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिले के दूरस्थ वनाँचल ग्राम शासकीय प्राथमिक शाला सरनापारा, संकुल सिमगा, विकासखण्ड पोड़ीउपरोड़ा में दिव्यांग बच्चों के प्रोत्साहन एवं शैक्षणिक उन्नति के लिए शाला विकास समिति के अध्यक्ष जय कुमार सिदार के मुख्य आतिथ्य तथा संकुल प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह की उपस्थिति में खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह ने दिव्यांग बच्चों के पालकों तथा ग्रामवासियों को शासन द्वारा दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं के बारें में बताया तथा शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कहा।

## समूह चयन में राशि की मांग कर अनियमितता की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के करीब डेढ़ साल बाद साय सरकार ने आखिरकार महिला स्व सहायता समूहों से चुनाव पूर्व किया अपना वादा निभाने की कवायद शुरू की।

आकांक्षी जिला कोरबा समेत प्रदेश के 6 जिलों में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण आहार 2.0 पूरक पोषण आहार व्यवस्था रेडी टू ईट ,फोर्टीफाइड आटा आपूर्ति का कार्य परियोजना स्तर पर चयनित स्व महिला सहायता समूहों को दी गई है। समूहों को दिए जाने के 8 माह बाद भी प्रशिक्षण एवं नमूना (सैम्पल ) जांच की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाने की वजह से संचालन शुरू होने का इंतजार 2 माह और आगे बढ़ गया है। वहीं दूसरी ओर संचालन शुरू होने से पहले शिकवा शिकायतों का दौर शुरू हो गया है। समूह चयन प्रक्रिया में राशि की मांग कर अपात्र समूहों का चयन करने की शिकायत की गई है। मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जिला प्रशासन ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के नेतृत्व में 3 सदस्ययीय जांच टीम गठित कर दी है। जो शिकायत की जांचकर जल्द ही जिला प्रशासन को जांच प्रतिवेदन सौंपेगी। बहरहाल जांच आदेश निकलने मात्र से संबंधितों में हड़कम्प मचा है। महिला एवं बाल विकास विभाग 6 माह से 6 वर्ष के नौनिहालों, किशोरियों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के पोषण के लिए कार्य करती है। 1 फरवरी 2022 के पूर्व स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत रेडी टू ईट कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा था। गेहूं ,सोया ,चना ,मूंगफली मिश्रित पौष्टिक पोषण आहार रेडी टू ईट 3 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के लिए प्रत्येक मंगलवार को दिए जाने का प्रावधान है ताकि उन पर कुपोषण की काली छाया न पड़े। कुपोषित हितग्राही इसके दायरे से बाहर निकल सकें। 3 से 6 वर्ष के बच्चों को गर्म पका हुआ भोजन में फोर्टिफाइड आटा से निर्मित रोटी प्रदाय किया जाता है।

## मकान नापी सर्वे की राह आसान नहीं, अब गांव समिति करेगी एकजुटता के साथ विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका प्रबंधन की जबरदस्ती मनमानीपूर्ण रवैया को देखते हुए। आज बुधवार को हरदीबाजार पंचायत भवन में बैठक आयोजित कर हरदीबाजार ग्राम समिति का गठन किया गया है।

इस बैठक में शामिल सभी ग्रामवासियों ने सर्व सम्मति से अध्यक्ष पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, उपाध्यक्ष अजय दुबे, नरेश टंडन,रामशरण कंवर , कोषाध्यक्ष श्यामू जायसवाल,बैठक व्यवस्था प्रभारी पूर्व सरपंच युवराज सिंह कंवर, सरपंच लोकेश्वर कंवर, उपसरपंच रेखा जायसवाल मदन राठौर , रामायण यादव,लाला राठौर, राजेश जायसवाल,अजय यादव,विजय जायसवाल, रमेश अहिर सहित प्रत्येक वार्ड से 3





बैठक में शामिल ग्रामीण।

व्यक्तियों को समिति में रखा गया है वहीं गांव में निवास करने वाले सभी को हर घर से एक-दो महिला पुरुष सदस्यों को हड़ताल, बैठक सहित अन्य एसईसीएल दीपका प्रबंधन से लड़ाई के लिए उपस्थित रहना है । समिति गुरुवार से एसईसीएल दीपका प्रबंधन के अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रवेश को रोकने उनके अस्थाई आफिस को बंद करने , अनिश्चितकालिन हड़ताल को लगातार जारी रखने व दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक बैठने सहित न्यायालय में एसईसीएल की समस्याओं को लेकर एक जनहित याचिका दायर करने विधिक सलाहकार समिति के मार्गदर्शन में याचिका दायर की जाएगी । सहित अन्य गांव व लोगों के हक, अधिकारों के स्पष्ट निराकरण नहीं होने तक समिति एसईसीएल दीपका प्रबंधन से अपनी लड़ाई लगती रहेगी । बैठक में गोपाल यादव, बाबूराम राठौर, सुरेंद्र राठौर,अनिता जांगड़े,विनय चंद्राकर, रमाकांत गुरुद्वान, रामेश्वर यादव, सीताराम ओढ़े, सीताराम यादव, चुन्नी लाल यादव,रामायण रात्रे,पुन्नेश नामदेव,प्रेम डिक्सेना,अशोक डिक्सेना,हरसेन दास महंत,सहित लगभग 250 ग्रामवासी बैठक में शामिल हुए।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)**

विवाह प्रकरण क्रमांक 228/2025-26
ग्राम-ढिमानी, तहसील-अडभार

आवेदक अमरूत निषाद उम्र 29 वर्ष पिता श्री दरसराम निषाद जाति केंवट, निवासी वार्ड नं. 03 भाठापारा पोस्ट बंदोरा तहसील अडभार , जिला सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका प्रीति सिदार उम्र 25 वर्ष पिता श्री रामाधार सिदार, जाति गोंड, निवासी वार्ड नं. 04 ढिमानी पोस्ट बंदोरा तहसील अडभार , जिला सक्ती (छ.ग.)

विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन
**ईश्तहार**

आम जनता ढिमानी, तहसील अडभार, जिला-सक्ती (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक अमरूत निषाद उम्र 29 वर्ष पिता श्री दरसराम निषाद जाति केंवट, निवासी वार्ड नं. 03 भाठापारा पोस्ट बंदोरा तहसील अडभार, जिला सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका प्रीति सिदार उम्र 25 वर्ष पिता श्री रामाधार सिदार, जाति गोंड, निवासी वार्ड नं. 04 ढिमानी पोस्ट बंदोरा तहसील अडभार, जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 12/12/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/11/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

विवाह अधिकारी
जिला-सक्ती (छ.ग.)

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओ का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उंगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पायरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- मासबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकटनी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन), कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



## आमिर ने अनाउंस की अगली फिल्म हैप्पी पटेल : खतरनाक जासूस

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस की अगली फिल्म का ऐलान हो गया है। मिस्टर परफेक्शनिस्ट इस बार एक जासूसी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस'। एक मजेदार अनाउंसमेंट वीडियो के साथ फिल्म का ऐलान किया गया है। इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी वीर दास के कंधों पर है। इसमें वे लीड रोल भी अदा करेंगे। उनके साथ मोना सिंह नजर आएंगी। यह फिल्म जनवरी में रिलीज होने वाली है। आमिर खान प्रोडक्शंस के इंस्टाग्राम अकाउंट से अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया गया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'क्या बनाया' से 'क्या बनाया' तक कॉमेडी, एक्शन, रोमांस और कुछ जासूसी चीजों के वाइल्ड राइड के लिए तैयार हो जाइए।

लाइफ Style



# जान्हवी

## गलत खबर चलाने वालों को लिया निशाने पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने सेलेब्स की मौतों को सनसनीखेज बनाने के लिए सोशल मीडिया और मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। अपनी मां श्रीदेवी और हाल ही में दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन का जिक्र करते हुए, जान्हवी ने गलत खबर चलाने वालों को भी निशाने पर लिया।

जान्हवी ने सेलेब्स के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की, जब उनकी जिंदगियां सार्वजनिक हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान मीडिया का माहौल अक्सर हानिकारक सुर्खियों और कहानियों को बढ़ावा देता है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए जान्हवी ने ये भी कहा कि कहीं न कहीं इस समस्या के लिए सेलेब्रिटीज भी जिम्मेदार हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि हमने देखा कि धरमजी के साथ क्या हुआ और ऐसा पहले भी कई बार हुआ है। मुझे यकीन है कि यह और भी बदतर होगा। मुझे लगता है कि हम इस समस्या का हिस्सा हैं। हर बार जब हम वीडियो, हेडलाइन या कहानियां - व्यूज़, कमेंट्स, लाइक्स - देते हैं, तो हम इस संस्कृति को बढ़ावा दे रहे होते हैं। जान्हवी ने कहा कि मीडिया में जिस तरह से मेरी मां के निधन को दिखाया गया, उससे मेरा दुःख और भी गहरा हो गया। जब मैंने अपनी मां को खोया, तो यह बहुत बुरा था। मुझे नहीं पता कि आप सब सोच भी सकते हैं कि अपने किसी इतने करीबी को खोना और उसे मीम बनते देखना कैसा होता है। मुझे यह भी नहीं पता कि इसे कैसे समझाऊं, लेकिन यह और भी बुरा हो गया है। मैं मां के निधन के बारे में सार्वजनिक रूप से बात करने से बचती हूं, इस डर से कि लोग सोचेंगे कि वह सुर्खियां बटोरने के लिए इसका इस्तेमाल कर रही हैं।

### हॉलीवुड मसाला




## ट्रैविस बार्कर संग बनाए कई गाने

लॉस एंजिल्स। रैपर पुअरस्टेसी का 26 साल की उम्र में निधन हो गया। वे अपने अनूठे संगीत मिश्रण हिप-हॉप, पंक रॉक और मेटल के लिए जाने जाते थे। वह अक्सर ट्रैविस बार्कर के साथ काम करते थे। पाम बीच के रहने वाले पुअरस्टेसी ने दो स्टूडियो एल्बम और दो एपी रिलीज किए। इससे उन्हें अच्छा फैन बेस मिला। उन्होंने और बार्कर ने कई ट्रैक पर साथ काम किया, जिनमें 'चूज लाइफ', 'नथिंग लेफ्ट', और 'हिल्स हैव आइज' शामिल हैं। पुअरस्टेसी ने सिंगर-रैपर इयान डायर के साथ भी टीम बनाई और ग्रैमी-नॉमिनेटेड 'बिल एंड टेड फेस द म्यूजिक' साउंडट्रैक में भी दिखे।



## पेंडोरा की दुनिया और एश लेडी देख दीवाने हुए फैंस

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ पेंडोरा में वापसी की दुनिया भर में प्रीमियर के बाद ट्विटर पर शुरुआती प्रतिक्रियाओं के साथ ही प्रशंसा मिल रही है। प्रशंसकों और आलोचकों ने सोशल मीडिया पर इसे साल की सबसे बड़ी सिनेमाई फिल्म बताया है। एक फैन ने लिखा, 'यह अब तक की सबसे अच्छी अवतार फिल्म है।' तो वहीं एक और फैन ने लिखा, 'दिल को छू लेने वाली कहानी, जबरदस्त एक्शन और इतने शानदार सींस कि विश्वास नहीं होता।' फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' को लेकर अपनी अलग-अलग राय दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'जेम्स कैमरून ने फिर साबित कर दिया कि बड़े पर्दे का असली मतलब क्या होता है।' तो वहीं एक और फैन ने लिखा, 'यह फिल्म सिर्फ आईमैक्स 3डी में देखनी चाहिए, वरना मजा अधूरा रह जाएगा।'



## इस बार बेटी के साथ मनाएंगी क्रिसमस

**मुंबई।** कियारा आडवाणी ने हाल ही में अपनी बेटी के नाम से पर्दा उठाया था। उन्होंने अपनी बेटी का नाम सरायाह मल्होत्रा रखा है। वहीं, अब क्रिसमस से पहले कियारा ने सोशल मीडिया पर क्रिसमस ट्री की एक झलक शेयर कर अपने दिल की बात बताई है। कियारा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है जिसमें एक क्रिसमस ट्री दिखाई दे रहा है। इसके सामने एक कप नजर आ रहा है जिसमें शायद ग्रीन टी है, यह तो साफ नहीं है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि कियारा सर्दियों में इस पेय का भरपूर आनंद ले रही हैं। इसके साथ कियारा ने लिखा, 'साल का सबसे अच्छा समय।' इसके साथ ही एक दिल वाला इमोजी बनाया। कियारा और सिद्धार्थ हर बार क्रिसमस बड़े धूमधाम और उत्साह से मनाते हैं। पिछले साल, इस जोड़े ने अपने क्रिसमस सेलिब्रेशन की एक प्यारी सी तस्वीर शेयर की।



## एक्टिंग के खिलाफ था जिम्मी का परिवार

**मुंबई।** जिम्मी शेरगिल बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने फिल्मों में चुनिंदा किरदार किए हैं। परिवार के खिलाफ जाकर उन्होंने एक्टिंग में कदम रखा। शुरुआत में उन्हें फिल्मों में छोटे लेकिन दमदार किरदार मिले। इन किरदारों की तारीफ हुई और इनसे उन्हें पहचान मिली। बॉलीवुड के साथ उन्होंने पंजाबी फिल्मों में खूब नाम कमाया है। जिम्मी शेरगिल ने साल 1996 में फिल्म 'माचिस' से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। इसमें उन्होंने जयमाल सिंह का छोटा किरदार निभाया था। इसके बाद वह फिल्म 'जहां तुम ले चलो' में नजर आए। हालांकि, उन्हें इन फिल्मों से बहुत ज्यादा पहचान नहीं मिल सकी। साल 2000 में जिम्मी शेरगिल ने शाहरुख खान की फिल्म 'मोहब्बतें' में सपोर्टिंग किरदार निभाया। वह इसमें एक कॉलेज स्टूडेंट बने थे। इस फिल्म ने उन्हें बॉलीवुड में पहचान दिलाई।

### टीवी मसाला



## लाफ्टर शेफ्स 3 प्रोमो: बिगड़े बच्चों की पैरेंट्स टीचर मीटिंग

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स 3' के प्रोमो में दिखाया गया है कि भारती सिंह कहती हैं कि इस सीजन के बिगड़े हुए बच्चे (ईशा मालवीय, अभिषेक कुमार, समर्थ जुरैल और ईशा सिंह) की पैरेंट्स टीचर मीटिंग होगी। शो में ईशा सिंह की मां, समर्थ जुरैल के पिता, अभिषेक के पिता और ईशा की मां आती हैं। ये देखकर सभी हैरान रह जाते हैं। इसके बाद भारती सिंह ईशा मालवीय की शिकायत करते हुए उनकी मां से कहती हैं कि उन्होंने कोई काम नहीं किया है। इधर से उधर घूमती रहती है। इस पर वो कहती हैं, 'मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि नालायक लड़की को पैदा किया, कुछ बाना नहीं आ रहा।' इसके बाद समर्थ के पापा से कृष्णा अभिषेक कहते हैं कि आप क्या ढूंढ रहे हैं तो वो बोलते हैं कि मैदा। इस पर वो मौज लेते हुए कहते हैं, 'अपना बेटा ठीक से नहीं किया पैदा, ढूंढ रहे हो मैदा।' 'लाफ्टर शेफ्स' का तीसरा सीजन पिछले महीने से ऑनएयर हो रहा है। आप इसे कलर्स चैनल और जियो हॉट स्टार पर देख सकते हैं। ये शनिवार और रविवार को रात 9 बजे कलर्स चैनल पर आता है। इस सीजन में तेजस्वी प्रकाश, करण कुंद्रा, समर्थ जुरैल, अभिषेक कुमार, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, ईशा सिंह, विवियन डिसेना, ईशा मालवीय, एल्विश यादव, जन्नत जुबैर, अली गोनी, गुरमीत चौधरी और देबीना बनर्जी हैं।


### बहरीन की मस्जिद पहुंचीं मन्नारा

**नई दिल्ली।** बीते दिन सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ दुबई की एक मस्जिद में गई थीं, जिसके बाद उनकी खूब आलोचना हुई थी। और अब मन्नारा चोपड़ा अपनी मां के साथ अबाया पहने बहरीन की एक मस्जिद में पहुंची, जहां से ढेरों तस्वीरें शेयर कीं, जिस पर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कोई उन्हें खूबसूरत बता रहा है तो कोई उन्हें राम मंदिर जाने की नसीहत दे रहा है। मन्नारा चोपड़ा, जो कि प्रियंका चोपड़ा की कजिन हैं, 'बिग बॉस 17' में नजर आई थीं और दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई थी। उन्होंने साउथ की फिल्मों में अभिनय किया और अब मुंबई में शिफ्ट हो गई हैं। हाल ही में इन्होंने अपने पिता को खोया था, और कुछ समय के लिए ये लाइलाइट से दूर हो गई थीं। मगर अब फिर से से अपने ग्लैम अवतार में लौट आई हैं। एक्ट्रेस ने 2 दिसंबर को इंस्टाग्राम पर कई सारी फोटो पोस्ट की हैं, जिसमें वह बुर्का और हिजाब पहने दिख रही हैं। और ये देख हर कोई हैरान रह गया है। वह बहरीन की सबसे बड़ी मस्जिदों में से एक अल-फतेह ग्रैंड मस्जिद पहुंची और वहां अलग-अलग तरह से पोज दिया।



## दर्जी का काम करके बना बॉलीवुड का स्टार, कभी बैन हो गई थी फिल्में...

***नई दिल्ली।** फिल्म शोले के दौरान कई कलाकार ऐसे थे जिनकी निजी जिंदगी पर लोगों का ध्यान कम गया, लेकिन उनका योगदान बेहद अहम रहा। उन नामों में एके हंगल भी शामिल हैं, जिन्होंने इमाम चाचा के रूप में कम समय के रोल में गहरी छाप छोड़ी थी। असल जिंदगी में उनका रिश्ता देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और बाद में इंदिरा गांधी के परिवार से दूर का नाता रखता था। फिल्मों में देर से आने के बावजूद उन्होंने कई दशकों तक लगातार काम किया और अपने शांत लेकिन मजबूत अभिनय से पहचान बनाई।*



### अमिताभ ने की थी मदद

बढ़ती उम्र के साथ हंगल आर्थिक दिक्कतों से भी जूझने लगे। 2007 में तबीयत बिगड़ने पर इलाज का खर्च निकालना मुश्किल हो गया था। इसी दौरान अमिताभ बच्चन ने आगे बढ़कर 20 लाख रुपए की मदद दी, जिसकी पूरे उद्योग में चर्चा हुई। 97 साल की उम्र में जब उनका निधन हुआ तो फिल्म जगत के कुछ चुनिंदा कलाकार ही अंतिम संस्कार में दिखाई दिए, जबकि बड़े नाम दूर रहे। इसके बावजूद हंगल का काम, उनकी सादगी और उनका संघर्ष आज भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक खास जगह बनाए हुए है।

### सियालकोट में हुआ था जन्म

हंगल का शुरुआती दौर संघर्षों से भरा रहा। पाकिस्तान के सियालकोट में जन्म और पेशावर में परवरिश के बाद उन्होंने दर्जी का काम किया, फिर स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए। आजादी की लड़ाई में सक्रिय रहने पर उन्हें तीन साल जेल में भी रहना पड़ा। बंटवारे के बाद जब वह मुंबई आए, तो थिएटर से शुरुआत की और धीरे-धीरे फिल्मों में अपनी जगह बनाई। उनकी ईमानदार छवि और विचारों के कारण कभी-कभी विवाद भी खड़े हुए. एक समय उनकी फिल्मों पर रोक तक लगा दी गई थी, जिसका असर उनके करियर पर साफ दिखाई दिया।

## रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल संग फिर नजर आईं श्रद्धा...



**मुंबई।** श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी इन दिनों सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। एक प्यारा सा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें श्रद्धा अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल को अपने हाथों से मीठा खिलाती नजर आ रही हैं। दोनों मुंबई में एक नए रेस्तरां में साथ दिखे। उनकी क्यूट केमिस्ट्री देखकर फैंस बहुत खुश हो रहे हैं। इस वायरल वीडियो में श्रद्धा बहुत खुश नजर आ रही हैं और राहुल को प्यार से खाना खिलाते हुए उनकी स्माइल सबका दिल जीत रही है। यह वीडियो देखते ही देखते इंटरनेट पर श्रद्धा के फैंस के बीच वायरल हो गया है। श्रद्धा और राहुल के इस वीडियो पर फैंस लाल दिल वाली इमोजी बना रहे हैं। श्रद्धा ने हाल ही में अपने फैंस को बताया कि उन्होंने एक फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अभी उसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, इसलिए वे ज्यादा डिटेल नहीं बता सकतीं, लेकिन जल्द ही अच्छी खबर आएगी। हो सकता है कि श्रद्धा अगली फिल्म राहुल मोदी के साथ करें। यह फिल्म स्टार्टअप और हसल कल्चर पर आधारित है। श्रद्धा बहुत एक्साइटेड हैं और इस फिल्म में उनका रोल बिल्कुल नया और चुनौतीपूर्ण होगा। श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म का नाम 'नागिन' है। यह फिल्म प्रेम और बलिदान पर आधारित होगी। हाल ही में फिल्म निर्माता निखिल द्विवेदी ने फिल्म को लेकर बताया कि इस फिल्म की शूटिंग 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। श्रद्धा कपूर की 'नागिन' 2025 या फिर 2026 तक फ्लोर पर आएगी।

### एक तरफ झुक कर चलने का उनका खास अंदाज लोगों को बहुत पसंद आता था

# कमाल के एक्टर ही नहीं, फैशन गाइड भी थे देव आनंद

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के सुपरस्टार देव आनंद के अभिनय और अंदाज के बारे में तो लोग बातें करते ही हैं, साथ ही उनकी दीवानगी के किस्सों पर भी खूब बातें हुआ करती हैं। कहा जाता है कि उन पर काले कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। देव आनंद शानदार अभिनेता, प्रतिभाशाली निर्देशक और निर्माता थे। 60 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री में रोमांस, स्टाइल और दिल को छूने वाले किरदार निभाने वाले देव आनंद यारों के यार थे।



### 65 रुपए की पगार पर की नौकरी

देव आनंद ने करीब छह दशक तक इंडस्ट्री पर राज किया। उनका जन्म 26 सितंबर 1923 को पंजाब के शंकरगढ़ में हुआ था। देव आनंद का असली नाम धर्मदेव पिशोरिमल आनंद था, लेकिन उन्हें बॉलीवुड में सिर्फ देव आनंद के नाम से जाना गया। देव साहब के घर वाले उन्हें चीरू कहकर बुलाते थे। देव आनंद बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे। अंग्रेजी साहित्य में पढ़ाई करने के बाद 1940 की शुरुआत में देव आनंद एक्टर बनने का सपना लेकर मुंबई चले आए। यहां उन्होंने चर्चगेट पर मिलिट्री सेंसर के ऑफिस में 65 रुपए की पगार पर नौकरी की, इसके बाद उन्होंने एक अकाउंटिंग फर्म में 85 रुपए प्रति माह की नौकरी बतौर क्लर्क की। इसके बाद वह अपने बड़े भाई चेतन आनंद के साथ जुड़ गए और इंडियन पीपुल थिएटर एसोसिएशन (आईपीटीए) के सदस्य बन गए।

### 1946 से शुरू हुआ अभिनय सफर

देव आनंद की पहली फिल्म 'हम एक हैं' (1946) थी। देव आनंद के बारे में कहा जाता है कि वह इतने हैंडसम थे कि उन्हें फिल्में भी यूं ही मिल जाया करती थीं। एक सांस में लंबी डायलॉग डिलीवरी और एक तरफ झुक कर चलने का उनका खास अंदाज लोगों को बहुत पसंद आता था। देव आनंद ने अपने करियर में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। 1946 से 2011 तक देव आनंद ने सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहते हुए लगभग 19 फिल्मों का निर्देशन किया और अपनी 13 फिल्मों की कहानी खुद लिखी। बतौर अभिनेता देव आनंद की सबसे अधिक चर्चित फिल्में थीं 'गाइड', 'जिद्दी', 'काला पानी', 'हरे कृष्णा हरे रामा' और 'मुनीम जी। फिल्म गाइड आज भी दर्शकों को पसंद है। इस फिल्म के जरिए पहली बार लिव इन रिलेशनशिप को पर्दे पर दिखाया गया था। यह देव आनंद की पहली रंगीन फिल्म थी, जिसके लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का फिल्म फेयर अवॉर्ड भी मिला।



### निभाया था गुरु दत्त से किया वादा

देव साहब को एक्टिंग और डायरेक्शन में महारत हासिल थी। वर्ष 1949 में उन्होंने नवकेतन फिल्म्स के नाम से अपनी प्रोडक्शन कंपनी की शुरू की। गुरु दत्त को ब्रेक देने का श्रेय भी देव साहब को ही दिया जाता है। इसके पीछे एक दिलचस्प किस्सा है। 1940 के आसपास की बात है। देव आनंद एक्टर बनने मुंबई आए थे। एक फिल्म के सिलसिले में उन्हें प्रभात स्टूडियो जाना था। उस इलाके में एक ही लॉन्ड्री थी, जहां देव आनंद अपने कपड़े धुलवाया करते थे। उस दिन जब वे लॉन्ड्री पहुंचे तो उनके कपड़े गायब थे। देव, दूसरे कपड़े पहनकर स्टूडियो पहुंचे। वहां जाकर देखा कि एक लड़के ने उनके वही कपड़े पहने थे, जो लॉन्ड्री से गायब हुए थे।

### ज्यादातर लोगों ने उनकी स्टाइल की कैप पहनना शुरू कर दी थीं

देव आनंद को उनके रोमांटिक रोल और जबर्दस्त स्टाइल के लिए जाना जाता था। उनकी चेक प्रिंटिड कैप का प्रभाव आने वाली पीढ़ी पर खूब पड़ा था। देव आनंद का लुक बेहद यूनिक था। अपने स्टाइल से वे लोगों के बीच फैशन 'गाइड' भी बन गए थे। ज्यादातर लोगों ने उनकी स्टाइल की कैप पहनना शुरू कर दी थीं और आज भी सिलसिला जारी है। उन्हें लेकर एक बात खूब कही जाती है कि फिल्म 'काला पानी' के बाद कोर्ट की तरफ से उनके काले कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। कथित तौर पर काले कपड़ों में वे इतने जंचते थे कि लोग फिदा हो जाते थे। खासकर युवतियां उन्हें हालांकि, कई मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे दावे भी किए गए कि यह सिर्फ अफवाह मात्र थी, मगर इतनी ज्यादा प्रचारित हुई कि इसे हकीकत माना जाने लगा।

## खबर संक्षेप

### शासकीय स्कूल ढाबाडीह में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रही आरती



**जांजगीर-चांपा।** विकासखंड पामगढ़ के ग्राम ढाबाडीह में एकल शिक्षकीय स्कूल में गांव के अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग से शिक्षक व्यवस्था सुचारु रुप से संचालित हो रहा है। शिक्षक की कमी को देखते हुए पांच महीनों से गांव की पढ़ी लिखी एक युवती आरती मल्होत्रा अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। पामगढ़ विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम ढाबाडीह के एकल शिक्षकीय स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला ढाबाडीह में गांव के अधिकारी -कर्मचारियों के आर्थिक सहयोग से पिछले पांच महीनों से गांव के एक पढ़ी लिखी लड़की आरती मल्होत्रा अध्यापन कार्य करा रही है जिससे एक बेरोजगार बच्ची को आर्थिक मदद के साथ गांव के नवनिहाल बच्चों की भविष्य गढ़ रहे है। गांव के अधिकारी -कर्मचारियों की इस नेक कार्य के लिए खूब सराहना किया जा रहा है।

### भारत विद्या मंदिर मल्दा के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**बिर्रा।** भारत विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय मल्दा के बच्चों को कानन पेंडारी बिलासपुर और देवरानी जेठानी मंदिर तालागांव आदि विभिन्न देव स्थल एवं दर्शनीय स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण स्कूल के संचालक दुर्गेश कुमार कश्यप के नेतृत्व में कराया गया है। विभिन्न दर्शनी एवं देव स्थल का दर्शन करके भारत विद्या मंदिर मल्दा में पढ़ने वाले बच्चों के चेहरे पर मुस्कान झलक उठे। मनोरम दृश्य को देखकर बच्चे खुशी के मारे गदगद हो गए। इस अवसर पर भारत विद्या मंदिर मल्दा के संचालक - दुर्गेश कुमार कश्यप, प्रधानपाठक - रामअवतार कश्यप, स्टाफ - संतोष कश्यप , भानु कश्यप, आनंद कश्यप ,अजय कश्यप ,सीताराम यादव, श्रीमती मीनाक्षी कश्यप, नंदनी कश्यप ,राजेश्वरी कश्यप, दीप्ति कश्यप आदि के अलावा बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने स्वर्णकार



**चांपा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक एवं सह संयोजक की नियुक्ति की है, जिसमें चांपा के कार्तिकेश्वर स्वर्णकार को भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश के संयोजक का दायित्व दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कार्तिकेश्वर स्वर्णकार इसके पहले इसी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने उनकी पदोन्नति करते हुए अब उन्हें प्रदेश संयोजक का दायित्व सौंपा है। संगठन मे अपनी सक्रियता से अपनी विशेष पहचान बनाने वाले स्वर्णकार छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। विद्यार्थी परिषद के माध्यम से राजनीति मे प्रवेश करने वाले कार्तिकेश्वर स्वर्णकार पार्टी मे सक्रियता को सबसे बड़ा पद मानते रहे हैं। उनके बड़े पिताजी स्व .जीवन लाल साव जनसंघ के समय विधायक थे। कार्तिकेश्वर स्वर्णकार के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बनने पर भाजपा,युवा मोर्चा महिला मोर्चा तथा विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं मे हर्ष है। कार्तिकेश्वर स्वर्णकार ने अपनी नियुक्ति के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के साथ ही प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार जताया है।

### प्रदेश सरकार गांव, गरीब एवं किसानों के प्रति समर्पित भाव से कर रही कार्य



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम घुठीया महंत में धान खरीदी का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ भाजपा नेता जिला पंचायत में सांसद प्रतिनिधि विवेका गोपाल ने पूजा कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार किसानो की एक-एक दाना धान खरीदी करेंगे 21 कुंटल प्रति एकड़ 3100 के भाव से धान खरीदी किया जाएगा। छत्तीसगढ़ कि भाजपा सरकार गांव गरीब एवं किसानों के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसनो की चिंता करते हुए उनके आर्थिक स्थिति को सुधार की है इसी कड़ी में किसानों को प्रतिवर्ष 6000 किसान सम्मन निधि दिया जा रहा है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष नंदकुमार यादव, संस्था प्रभारी सुखसागर कश्यप, सरपंच राजकुमार अनीता खरसन, सेंदरी सरपंच विद्यानंद बंजारे, दारीं सरपंच रामखिलावन साहू, उपसंचालक पशु चिकित्सा ए एल सिंह, नोडल अधिकारी केशव कुमार साहू सहित ग्रामीण एवं किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# शैक्षणिक संस्थानों के पास स्थित पान ठेला व गुमटी को तत्काल हटाएं : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिला स्तरीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के अंतर्गत हुई, जिसमें जिले को तंबाकू मुक्त बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि समस्त शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। सभी स्कूल कॉलेज को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के रूप में विकसित किया जाए। शैक्षणिक संस्थानों के पास स्थित पान दुकान, गुमटी, ठेला आदि को नियमानुसार तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्यवाही की जाए, प्रवर्तन दल द्वारा चालानी कार्यवाही को विशेष अभियान के रूप में चलाया जाए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की सक्रिय भूमिका अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल जिला सक्ती ने बैठक के उद्देश्यों पर विस्तृत मार्गदर्शन देते हुए तंबाकू के दुष्प्रभावों, इसके बढ़ते सामाजिक प्रचलन तथा जनस्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया



तंबाकू प्रतिषेध अधिनियम कार्यक्रम में शामिल कलेक्टर व अन्य अधिकारी।

कि युवाओं को तंबाकू से दूर रखने हेतु विभाग पूरी तत्परता से अभियान चला जा रहा है। जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। एनटीसीपी की प्रगति व आगामी कार्ययोजनाडॉ. प्रिया एक्का, जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अंतर्गत अब तक की गई गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही कोटपा एक्ट 2003 के विभिन्न प्रावधानों, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध, स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू बिक्री प्रतिबंध, विज्ञापन निषेध आदि के पालन हेतु विभाग की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिले को तंबाकू मुक्त बनाने की मजबूत पहल है। बैठक में उपस्थित सभी विभागों, निकायों, शिक्षा विभाग, पुलिस, खाद्य एवं औषधि प्रशासन सहित समस्त संबंधित अधिकारियों ने संयुक्त रूप से जिले में तंबाकू नियंत्रण के लिए सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर सहमति जताई। जिला प्रशासन द्वारा तंबाकू उन्मूलन को प्राथमिकता में रखते हुए जन जागरूकता एवं प्रवर्तन की संयुक्त रणनीति तैयार की गई है।

### भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने दिनेश



**अकलतरा।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन विस्तार और प्रकोष्ठों के पुनर्गठन के क्रम में अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी और वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह को भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय द्वारा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से की गई है। दिनेश सिंह ने बताया कि उन्हें भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश पदाधिकारियों के निर्देश पर एनजीओ प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित करने के साथ प्रदेशभर में संगठन का विस्तार किया जाएगा। श्री सिंह के प्रदेश संयोजक बनने पर लाल बहादुर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप सोनी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष है।

### बिर्रा में दीपावली कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम आज

**बिर्रा।** संस्कार भारती जिला सक्ती के द्वारा ग्राम पंचायत बिर्रा के आचार्य चाणक्य सभागार में शुक्रवार 5 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से दीपावली कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। संस्कार भारती जिला सक्ती के महामंत्री मनोज कुमार तिवारी ने सभी, से उपस्थित होने आग्रह किया है।



# सड़क निर्माण में पानी का नहीं किया जा रहा छिड़काव, धूल से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

■ मुख्य मार्ग से मौहाडीह तक 3 करोड़ रुपए की लागत से हो रहा निर्माण

ग्राम पंचायत सिलादेही में मुख्य मार्ग से मौहाडीह संगम नदी तक नया बन रहे सड़क में ठेकेदार अपने मन मुताबिक काम करा रहा है। ठेकेदार के द्वारा निर्माणाधीन सड़क में पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण धूल के गुबार से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही में सिलादेही से मौहाडीह संगम नदी तक नया सड़क ठेकेदार के माध्यम से बनाया जा रहा है। निर्माणाधीन सड़क में ठेकेदार अपनी मनमानी से काम कर रहा है। सड़क में पानी सुबह-शाम नहीं डाला जा रहा है। नई सड़क में पानी नहीं डालने से धूल के कारण कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है। वातावरण पूरा प्रदूषित हो गया है। धूल के गुबार से ग्रामीणों को बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग चांपा संभाग चांपा के कार्यपालन अभियंता श्रीमती ममता पटेल, अनुविभागीय अधिकारी डीएस धुर्वे और उप अभियंता एमएल घृतलहरे द्वारा नया सड़क निर्माण कार्य को ठेकेदार अजगल्ले को लगभग 3 करोड रुपए में ठेका दिया गया है। ग्रामीणों की समस्याओं से संबंधित विभाग के अधिकारियों को कोई सरोकार नहीं है। धूल के चलते ग्राम वासियों को सर्दी जुकाम, खांसी एवं कई प्रकार की बीमारियों की डर सता रही है। ग्रामीणों ने नियमानुसार सड़क बनवाने की मांग जिले के मुखिया कलेक्टर से की है।

**करेंगे निरीक्षण**

निरीक्षण कर शासन के मापदंड के अनुसार कार्य कराया जाएगा।

-एम एल घृतलहरे, उप अभियंता लोक निर्माण विभाग चांपा

### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील ईकाई की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**पामगढ़।** अधिवक्ता दिवस 3 दिसंबर के अवसर पर छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील ईकाई पामगढ़ की बैठक वरिष्ठ अधिवक्ता दुर्गेश्वर तिवारी के मार्गदर्शन में सतनाम भवन पामगढ़ में संपन्न हुआ। बैठक ,मुख्य अतिथि डॉ डीपी मनहर प्रांतीय अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि नारायण प्रसाद यादव प्रांतीय प्रवक्ता, एचपी खरे प्रांतीय संयोजक व सीआर खटकर के सानिध्य में किया गया। बैठक में संघ से जुड़े कार्य कलापों एवं मुद्दों पर चर्चा की गई। वरिष्ठ अधिवक्ता दुर्गेश्वर तिवारी ने कानूनी जानकारी प्रदान किए। बैठक में अधिवक्ता दिवस के अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता दुर्गेश्वर तिवारी, अधिवक्ता गण साखी राम कश्यप, नितिन सिंह एवं कु. किरन कांत का छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील ईकाई पामगढ़ द्वारा सम्मान किया गया। बैठक में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष पेंशनर दिवस 17 दिसंबर को बलौदा बाजार में वृहद रूप से मनाने का निर्णय लिया गया । इस अवसर पर शंकर लाल आदित्य तहसील अध्यक्ष पामगढ़ सहित सभी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे।

# दिव्यांग बच्चों के लिए समाज का सहयोग जरूरी : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

■ दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस

प्रथम अपर जिला न्यायाधीश श्रीमती लीना अग्रवाल और कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की उपस्थिति में दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय सक्ती में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया गया। इस दौरान दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय सक्ती के दिव्यांग बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई।

इस अवसर पर प्रथम अपर जिला न्यायाधीश श्रीमती लीना अग्रवाल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समाज का सहयोग जरूरी है ताकि वे भी पूरी सकारात्मकता से सामान्य जीवन यापन कर सकें। जिला कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने दिव्यांग बच्चों के प्रदर्शन को तारीफ ए काबिल बताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि जिला प्रशासन आप सभी दृष्टिहीन बच्चों के मदद के लिए तत्पर है। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं उच्च




अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करती न्यायाधीश।

न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने स्वागत भाषण करते हुए मंचस्थ अतिथि एवं अभिभावकों से दृष्टिहीन बच्चों के जीवन को प्रकाशित करने सदा आशीर्वाद बनाए रखने का आग्रह किया। सर्व दिव्यांग कल्याण संघ के संरक्षक जसबीर सिंह ने विद्यालय के समस्याओं से अवगत कराते हुए जिला प्रशासन से सहयोग का आग्रह किया तो वहीं संचालक बिंदेश्वरी आदिले ने शाला प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के स्थाई भवन की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष दादू केवट एवं आभार प्रदर्शन संस्थापक जसवंत आदिले द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, एस डी एम सक्ती अरुण सोम ने भी संबोधित किया। मंच पर सर्वमाननीय न्यायाधीश प्रशांत शिवहरे, न्यायाधीश श्रीमती गंगा पटेल, सीजेएम सुश्री शुभदा गोयल, मजिस्ट्रेट श्रीमती दिव्य गोयल की गरिमामय उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में मांगेराम अग्रवाल, प्राचार्य दुलीचंद साहू, प्राचार्य श्री मनहर, स्काउट लीडर सुश्री कमलादपि गबेल आदि के साथ विद्यालय परिवार ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### सेवा सहकारी समिति कड़ारी में पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी शुरु

**देवरी-सारागांव।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित कड़ारी में धान खरीदी का शुभारंभ 3 दिसंबर को विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कड़ारी मंडी अध्यक्ष हीरासाय साहू की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, भाजपा प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य सभापति आशा साहू, जनपद सदस्य सुरेश साहू एवं ग्राम पंचायत कड़ारी की सरपंच श्रीमती उषा संजय दिनकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कृषक पंचम दास ने टोकन के पहले ग्राहक के रूप में तौल कराया। कार्यक्रम में झरना रामानुज राठौर, गिधौरी मंडी अध्यक्ष धनीराम साहू तथा मीडिया प्रभारी बसंत सूर्य ने भी सहभागिता जताई। इसी के साथ ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक कन्हैयालाल साहू, रमईलाल साहू, दाताराम साहू, माखन साहू, दिनेश साहू, शशिकांत साहू एवं मांगीलाल चौहान, बाबूलाल साहू, साहेब लाल साहू, कोटवार पंचम दास,मोहन चौहान, महादेव चौहान एवं मंडी अध्यक्ष, समिति अध्यक्ष, प्राधिकृत अधिकारी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



# एड्स से बचाव के लिए जागरुकता जरुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

**खास बात**

■ विश्व एड्स दिवस पर नवीन कॉलेज हसौद के विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर दिनांक 1 दिसंबर मंगलवार को रेड रिबन क्लब एवं भारतीय रेड क्रॉस समिति के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसौद के एमबीबीएस चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पम निराला तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसौद के चिकित्सा अधिकारी डॉ. दुर्गा प्रसाद गबेल ने छात्र–छात्राओं को एड्स की रोकथाम, उसके लक्षण, उपचार एवं जागरूकता की आवश्यकता पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। विशेषज्ञों ने बताया कि एड्स के प्रति जागरूकता ही इसके संक्रमण को रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा ग्राम हसौद में एड्स जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें लोगों को सुरक्षित व्यवहार और स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया




जागरुकता रैली निकालते छात्र–छात्राएं।

गया। इसी क्रम में पोस्टर प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भागीदारी की और एड्स जागरूकता से संबंधित विभिन्न संदेशों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य आर. पी. उपाध्याय, आरआरसी नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार बंजारे, रेड क्रॉस समिति संयोजक जीनत पैंकरा सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के हर वर्ग में एड्स के प्रति सही जानकारी और जागरूकता फैलाना रहा, जिसे विद्यार्थी एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों के संयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

# श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तुस्मा

ग्राम तुस्मा स्थित शबरी डेरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस बुधवार को श्री कृष्ण जन्म उत्सव हर्ष, उल्लास के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव की दिव्य बेला जैसे-जैसे नजदीक आती गई,वातावरण 'नन्द के आनंद भयो,जय कन्हैया लाल की' जैसे भक्तिमय गीतों से गूंजता रहा।

मंच पर विराजमान कथा वाचक आचार्य रामचंद्र पांडेय द्वारा भगवान श्री कृष्ण के अवतरण की कथा का वर्णन किया गया, जिसमें देवकी-वसुदेव की तपस्या, कंस के अत्याचार और विष्णु अवतार की महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया। जैसे ही कथा में श्री



श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दौरान मंगल गीत पर झूमते श्रद्धालु।

कृष्ण जन्म प्रसंग आरंभ हुआ, समस्त वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। दोपहर बाद जैसे ही भगवान श्री कृष्ण के जन्म की घोषणा की गई पूरा पंडाल 'हाथी घोड़ा पालकी,जय कन्हैया लाल की'के जयकारों से गूंज उठा। महिलाओं ने मंगलगीत गाए और पुरुषों ने तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल को और भी पावन बना दिया। जन्म के उपलक्ष्य में तैयार की गई झांकी में नवजात कन्हैया को झुला झुलाने की परंपरा भी निभाई गई। जन्मोत्सव अवसर पर भक्तगण संगीत की भक्ति-धुनों पर थिरकने से स्वयं को रोक नहीं सके। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

### हनुमान मंदिर प्रांगण में दार्शनिक प्रवचन सुनने दूर-दूर से पहुंच रहे लोग

# भगवत कृपा से जान सकते हैं भगवान को : युगल शरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 21 दिवसीय दार्शनिक प्रवचन के पांचवे दिन डॉ स्वामी युगल शरण ने भगवत कृपा विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाते हुए कहा कि क्या माया से छुटकारा पाया जा सकता है।

वेद कहता है कि कोई माया से छुटकारा नहीं पा सकता। यह भी बताया गया है कि माया कभी नष्ट नहीं होगी। इसका अर्थ है कि हमको माया से छुटकारा कभी नहीं मिल सकता। यदि माया से छुटकारा नहीं मिल सकता तो हमारा कल्याण कभी नहीं होगा, ऐसा नहीं है। भगवान या जीव कोई भी माया को नष्ट नहीं कर सकता। इसका अभाव नहीं हो सकता, क्योंकि यह नित्य तत्त्व है, लेकिन इससे छुटकारा मिल सकता है। उन्होंने कहा कि



उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन सुनाते स्वामी युगल शरण।

भगवान को जाना जा सकता है, परंतु अपने बल से नहीं। प्रवचन सुनकर नहीं, ग्रंथ पढ़कर नहीं, अपनी बुद्धि से नहीं। गीता, भागवत पाठ करके भी उसे जाना नहीं जा सकता, इसको प्रैक्टिकली करना होगा। कुछ लोग गीता और भागवत का श्लोक कण्ठस्थ करके अपने आपको ज्ञानी समझते हैं। ऐसे ज्ञान से ज्ञानाभिमान आ जाता है और यह भगवान से पृथक करने वाला महान बाधक तत्त्व है, किन्तु यदि भगवान किसी सौभाग्यशाली जीव के ऊपर कृपा कर देगा, तो वह जीव भगवान को जान लेगा, देख लेगा, पा लेगा, कृतार्थ हो जाएगा। यदि कृपा नहीं होगी तो वह ब्रह्मा क्यों न हों, सरस्वती-बृहस्पति क्यों न हो, भगवान को नहीं जान सकता। वेद में कहा गया है साधना करनी पड़ेगी। केवल साधना से नहीं होगा, उसके साथ हरि का प्रसाद अर्थात भगवान की कृपा चाहिए। शंकराचार्य भी कह रहे हैं- भगवान के अनुग्रह से, उनकी कृपा से भगवान की प्राप्ति होगी। युगल शरण ने कहा कि बहुत लोग कहते हैं कि भगवान की इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिल सकता। इसका अर्थ है कि जो कुछ भी हो रहा है, भगवान की इच्छा से हो रहा है। एक दूसरा वाक्य भी है कि जो जैसा करता है, वैसा भरता है। पहले वाक्य से लगता है कि भगवान हमारे कर्म का कर्ता हैं और दूसरे वाक्य से लगता है कि नहीं, भगवान हमारे कर्म का कर्ता नहीं है, हम स्वयं अपने कर्म के कर्ता हैं। दार्शनिक प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

